मौसम
पूर्वानुमान: नगर में बारिश होने की संभावना।
तापमान: ▲ 36.1डिग्री, ▼ 27.4 डिग्री
सूर्योदय: 05:44 सूर्यास्त: 07:12



# कांस्टेबल भर्ती: परीक्षा से पहले ही बाजार में आई 'आंसर की'

**7,298 कांस्टेबलों के लिए प्रदेश भर में दो दिन होनी थी परीक्षा**

**कैथल में पेपर लीक होने पर सरकार ने की रद्द**

**इस मामले में तीन युवक गिरफ्तार, जांच शुरू**

चंडीगढ़, 7 अगस्त (जनसत्ता)।


हरियाणा सरकार की एक और भर्ती सिरे चढ़ने से पहले ही विवादों में आ गई है। शनिवार को जैसे ही हरियाणा पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा शुरू हुई तो बाजार में प्रश्न पत्र से पहले 'आंसर की' आ गई।

पुलिस ने समय रहते कैथल से तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। राज्य सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दो दिवसीय इस परीक्षा को रद्द कर दिया है।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने पिछले दिनों ही 7,298 कांस्टेबलों की भर्ती परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किए थे। इस भर्ती में प्रदेश के लाखों युवकों ने आवेदन किया है। 7 अगस्त और 8 अगस्त को होने वाली इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में केंद्र बनाए गए थे।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने प्रदेश में 7 अगस्त और 8 अगस्त को 7,298 कांस्टेबलों की भर्ती परीक्षा का शैड्यूल जारी किया था। शनिवार को जैसे ही परीक्षा शुरू होने को हुई। कैथल सीआइए पुलिस ने तीन युवकों द्वारा परीक्षा से पहले 'आंसर की' होने व पेपर हल कराने की जानकारी मिली।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीआइए वन पुलिस ने इन तीनों युवकों को दबोच लिया। ये युवक शहर के माता



गेट के पास एक गाड़ी में बैठकर मोबाइल के माध्यम से पेपर करवाने की तैयारी में थे। तीनों से एक 'आंसर की' भी बरामद की है। इन तीनों युवकों के अलावा कई अन्य युवक भी इस गिरोह में शामिल बताए जा रहे हैं। पकड़े गए युवकों में जींद जिला के गांव थुआ निवासी एक युवक और दो युवक उचाना क्षेत्र के किसी गांव के बताए जा रहे हैं। गिरोह में हिसार जिले के युवक भी शामिल बताए जा रहे हैं, पूरे मामले को लेकर सीआइए वन पुलिस गंभीरता से काम कर रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी लोकेंद्र सिंह भी सीआए वन पुलिस थाना पहुंचे और मामले से संबंधित जानकारी जुटाई। एसपी करीब डेढ़ घंटे तक सीआइए वन पुलिस थाना में रहे। तीनों पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा के दौरान पकड़े गए तीनों युवकों को लेकर पुलिस किसी भी तरह की जानकारी देने से बचती रही। इसी दौरान सरकार ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए इस दो दिवसीय परीक्षा को रद्द करने का नोटिस जारी कर दिया। अधिकारियों ने इस मामले में कहा है कि आगे की तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी। उन्होंने माना कि पेपर लीक हुआ है।

### सुरजेवाला ने ट्वीट कर सरकार पर साधा निशाना

वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है। ट्वीट कर उन्होने कहा कि क्या हरियाणा पुलिस कांस्टेबल का पेपर लीक हुआ है। अगर हाँ, तो वो पेपर माफिया कौन है व उसके तार किस सफेदपोश से जुड़े हैं। क्या मुख्यमंत्री सामने आ पूरी स्थिति स्पष्ट करेंगे?

### सरकार की नाकामी सामने आईः अभय चौटाला

इनेलो महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार को पुलिस परीक्षा लीक करने वाले का पर्दफाश करना चाहिए। राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करें और पारदर्शी व्यवस्था लाई जाए। हर परीक्षा में सरकार की नाकामी सामने आ जाती है।

# पेपर लीक प्रकरण पर एकजुट हुआ विपक्ष, सरकार को घेरा

चंडीगढ़, 7 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा में पेपर लीक होने के बाद विपक्ष ने प्रदेश सरकार को घेर लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है। ट्वीट कर उन्होंने कहा कि क्या हरियाणा पुलिस कांस्टेबल का पेपर लीक हुआ है। अगर हां, तो वह पेपर माफिया कौन है व उसके तार किस सफेदपोश से जुड़े हैं। क्या मुख्यमंत्री सामने आ पूरी स्थिति स्पष्ट करेंगे।

इनेलो महासचिन अभय चौटाला ने कहा है कि हरियाणा सरकार को पुलिस परीक्षा लीक करने वाले का पर्दफाश करना चाहिए। राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करें और पारदर्शी व्यवस्था लाई जाए। हर परीक्षा में सरकार की नाकामी सामने आ जाती है।

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने हरियाणा पुलिस कांस्टेबल परीक्षा का पेपर लीक होने पर हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग की है। कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा–जजपा सरकार के राज में हरियाणा पेपर लीक माफियाओं का गढ़ बन गया है। आए दिन हरियाणा में पेपर लीक होते हैं और इसके बाद यह रद्द कर दिए जाते हैं। हरियाणा पुलिस कांस्टेबल परीक्षा का पेपर लीक हुआ और इसके बाद इसे रद्द कर दिया गया। इस सरकार ने पेपर लीक में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। हरियाणा के युवाओं को न्याय देने के लिए भाजपा सरकार के पहले कार्यकाल और भाजपा–जजपा सरकार के दूसरे कार्यकाल के सभी पेपर लीक मामलों की जांच के लिए न्यायिक जांच की घोषणा की जाए।

### हरियाणाः कहां हुई चूक, होगी जांचः भोपाल सिंह

**चंडीगढ़:** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सात व आठ अगस्त को पुलिस कांस्टेबल पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ। आज परीक्षा के पहले दिन हरियाणा के कैथल, करनाल व अन्य इलाकों से पेपर लीक एवं दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के मामले सामने आने पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आज शनिवार को ली गयी परीक्षा रद्द कर दी गई। वहीं, रविवार को ली जाने वाली परीक्षाओं को भी रद्द कर दिया गया है। आयोग के चेयरमैन भोपाल सिंह ने बताया कि परीक्षाओं को लेकर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। परीक्षाओं में नकल न हो, परीक्षा में दूसरे के स्थान पर कोई परीक्षा न दें, इन बातों का विशेष ध्यान रखा गया था। लेकिन इसके बावजूद कुछ युवक आवेदनकर्ता की जगह परीक्षा हाल में दाखिल हो गए, यह कैसे हुआ, इसकी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के कैथल, करनाल में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने व पेपर लीक होने की बातें सामने आई हैं। चूक कहां हुई इसकी गहराई से जांच होगी और भविष्य में ऐसी चूक न हो इसके लिए आगे रणनीति बनाई जाएगी। चेयरमैन भोपाल सिंह ने कहा कि सरकार के साथ बैठकर भविष्य की रणनीति तैयार की जाएगी। उसके बाद परीक्षा की नयी तारीख की घोषित की जाएंगी। चेयरमैन ने बताया कि हरियाणा में 7298 कांस्टेबल पदों के लिए 8 लाख 39 हजार लोगों ने आवेदन किया था जिसके लिए 2 दिन की परीक्षा रखी गई थी।

# बिजली चोरी में संदिग्ध अधिकारियों, कर्मचारियों को नोटिस जारी

चंडीगढ़, 7 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा में बिजली निगमों के कर्मचारी व अधिकारी ही बिजली चोरों के साथ मिले हुए हैं। जिसके चलते सौ से अधिक कर्मचारियों व अधिकारियों को नोटिस जारी करने के आदेश जारी कर दिए हैं। दागी कर्मचारियों में कंप्यूटर ऑपरेटर, शिफ्ट अटेंडेंट, सहायक लाइनमैन, लाइनमैन, जेई, एसडीएम से लेकर एक्सईएन व एससी रैंक के अधिकारी शामिल हैं। इन सभी कर्मचारियों व अधिकारियों पर बिजली चोरों को संरक्षण देने का आरोप है। इनमें से कइयों को चार्जशीट किया जा सकता है।

हरियाणा सरकार के निर्देश पर बिजली चोरों के खिलाफ दो बार अभियान चलाया गया। प्रदेश में बिजली चोरों के खिलाफ दो बार बड़े स्तर पर मुहिम चलाई जा चुकी है। पहले फरवरी में और इसके बाद जुलाई में राज्य में एक साथ बड़ी संख्या में निगमों के अधिकारियों–कर्मचारियों व पुलिस विभाग को साथ मिलाकर टीमों का गठन किया गया।

जुलाई के पहले सप्ताह में दूसरी बड़ी हुई छापेमारी दो दिन चली। इस दौरान कुल 29 हजार 948 प्रतिष्ठानों पर छापे मारे गए। पांच सौ से अधिक टीमों का गठन किया गया था। पूरी तरह से गोपनीय रखी गई इस मुहिम के दौरान छह हजार 15 जगहों पर बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें करोड़ों रुपये बकाया होने के चलते बिजली कनेक्शन कटे हुए थे।

विभाग के मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने बिजली विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास दोनों निगमों के प्रबंध निदेशकों (एमडी) को विभागीय कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

### एनसीआर के जिलों में हुई चोरी की ज्यादा घटनाएं

औद्योगिक कलस्टर के रूप में उभर कर सामने आए गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, धारूहेड़ा व रेवाड़ी एरिया में चोरी के अधिक मामले सामने आए हैं। इन क्षेत्रों में बिजली की खपत भी सबसे अधिक है। नामचीन आईटी कंपनियों, कॉल सेंटर के अलावा मारुति, होंडा, एस्कार्ट की बड़ी यूनिट इन्हीं एरिया में है। बड़ी क्रेन और जेसीबी की कंपनियां भी इसी कलस्टर में हैं। स्मार्ट मीटर योजना भी इसीलिए शुरू की है ताकि बिजली चोरी रोकी जा सके।

> बिजली चोरी रोकने के लिए अभी तक दो बार बड़े स्तर पर छापेमारी की जा चुकी है। दोनों मुहिम के दौरान आठ हजार से अधिक प्रतिष्ठानों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इस मुहिम के बाद निगमों का राजस्व बढ़ना तय हो गया है। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध रही है, उन सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं।
>
> –चौ. रणजीत सिंह, बिजली मंत्री

# पंजाब में एक दिन में कोरोना से एक की मौत, 63 नए मामले

चंडीगढ़, 7 अगस्त (जनसत्ता)।

पंजाब में कोरोना संक्रमण से शनिवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 63 नए मामले सामने आए हैं। प्रदेश में अब सक्रिय मामले 461 बचे हैं जबकि कुल मृतकों का आंकड़ा 16,313 पर जा पहुंचा है।

पंजाब सरकार की ओर से जारी मीडिया बुलेटिन के मुताबिक पिछले 24 घंटों में प्रदेश के लुधियाना में एक मरीज ने दम तोड़ दिया जबकि 63 मामलों में सबसे अधिक मामले जलंधर से आए हैं। यहां पर 13 संक्रमित मिले हैं जबकि गुरदासपुर में 11, लुधियाना में 9, अमृतसर में 8, फाजिल्का में 7, तरनतारन में 6, बठिंडा में 3, पठानकोट में 2, फिरोजपुर–होशियारपुर–पटियाला–मोहली में 1–1 मामला सामने आया।

### हरियाणा में एक की मौत

**पंचकूला:** शनिवार को हरियाणा में कोरोना से एक की मौत हुई है जबकि 18 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। सरकार की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक प्रदेश के सिरसा में एक की मौत हो गई जबकि आज सबसे अधिक मामले गुरुग्राम में 9, फरीदाबाद में 5, रोहतक में दो जबकि कैथल और करनाल में 1–1 मामला सामने आया है। अब तक राज्य में कोरोना से 9,648 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 685 सक्रिय मरीज है।

### चंडीगढ़ में चार नए संक्रमितों की पुष्टि

**चंडीगढ़:** सिटी ब्यूटीफुल में शनिवार को 4 नए संक्रमित मरीज की पुष्टि हुई है। लेकिन यहां पर किसी मौत का समाचार नहीं है। शहर में अब तक संक्रमण की चपेट में आकर 811 मौत हो चुकी है। वहीं, अब सिर्फ 26 मामले सक्रिय बचे हैं।

# किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजना से जोड़ने को चलेगा अभियान

चंडीगढ़, 7 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार ने राज्य के किसानों के हित में एक अहम कदम उठाते हुए सूक्ष्म सिंचाई का प्रयोग करने वाले किसानों के लिए खास योजना तैयार की है। इससे जहां सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से किसान कम पानी में फसलों का अधिक उत्पादन ले सकते हैं वहीं पानी की बचत के साथ–साथ फसलों की सिंचाई पर होने वाले खर्च को भी कम किया जा सकता है।

सरकार का कहना है कि योजना का लाभ उठाने के इच्छुक किसानों के लिए राज्य सरकार ने एक पोर्टल तैयार किया है, जिस पर किसान पंजीकरण कर सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस बारे में शनिवार को जानकारी देते हुए सूक्ष्म सिंचाई व काडा के मुख्य अभियंता बिजेन्द्र सिंह नारा ने बताया कि मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार की ओर से किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग तथा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के अधिकारी सरकार द्वारा तय लक्ष्य के अनुसार किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से जोडें। इस संबंध में अधिक से अधिक किसानों को जागरूक किया जाए तथा सूक्ष्म सिंचाई के लिए तालाब, सोलर पंप, मिनी स्प्रिंकलर/ड्रिप का निर्माण व स्थापना करवाना सुनिश्चित करें।


**HIRA AUTOMOBILES LIMITED**

Regd. Office : # 598, Sector 18-B, Chandigarh | CIN:- L50101CH1989PLC009500
Tel:0172-2743462 | Email : hiraaccounts@gmail.com | www.hiraautomobiles.com

**COMPANY NOTICE** Pursuant to Regulations 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors will be held on **Saturday on14th August, 2021 at 04.00 p.m.** to consider, inter alia, Un-Audited Financial Results of the Company for the Quarter ended on **30th June, 2021.** The said notice is also available on company's website www.hiraautomobiles.com and may also be available on the website of BSE Limited www.bseindia.com

Place : Chandigarh
Date : 05-08-2021

For HIRA AUTOMOBILES LTD.
RAHULINDER SINGH SIDHU (Chaiman & Managing Director)
DIN-00447452



बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

प्रधान कार्यालय: बड़ौदा हाउस, पोस्ट बॉक्स नं. 506, मांडवी, बड़ौदा – 390006
कार्पोरेट कार्यालय: सी–26, जी–ब्लॉक, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू.), मुंबई – 400 051

वित्तीय परिणाम
Q1 – वित्तीय वर्ष: 2021–22

उपलब्ध सेवाएं: गृह ऋण | कार ऋण | Baroda etrade 3-in-1 Bank, Demat & Trading Account | Baroda Wealth Management Services | Baroda M-Connect plus मोबाइल बैंकिंग ऐप | Baroda Connect Internet Banking इंटरनेट बैंकिंग

**30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित (समीक्षित) स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम**

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2021 अलेखापरीक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2021 लेखापरीक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2020 अलेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 2002242 | 8285950 | 2031244 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के पूर्व) | 159542 | 555600 | (130776) |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के पश्चात) | 159542 | 555600 | (130776) |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ/ (हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के पश्चात) | 120863 | 82895 | (86426) |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [जिसमें अवधि के लिए लाभ/ (हानि) (कर पश्चात) एवं अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | टिप्पणी 2 देखें | टिप्पणी 2 देखें | टिप्पणी 2 देखें |
| 6. | इक्विटी शेयर पूँजी | 103553 | 103553 | 92537 |
| 7. | आरक्षित निधियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र में दर्शाया गया है. | | 7083310 | |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (₹ 2/– प्रत्येक) (जारी एवं समाप्त परिचालनों के लिए) बुनियादी (₹ में) न्यून (₹ में) | 2.34 | 1.78 | (1.87) |

**30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित (समीक्षित) समेकित वित्तीय परिणाम**

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2021 अलेखापरीक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2021 लेखापरीक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2020 अलेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 2135553 | 8900118 | 2168471 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के पूर्व) | 161082 | 637317 | (104486) |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के पश्चात) | 161082 | 637317 | (104486) |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ/ (हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के पश्चात) | 118654 | 154767 | (67871) |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [जिसमें अवधि के लिए लाभ/ (हानि) (कर पश्चात) एवं अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | टिप्पणी 2 देखें | टिप्पणी 2 देखें | टिप्पणी 2 देखें |
| 6. | इक्विटी शेयर पूँजी | 103553 | 103553 | 92537 |
| 7. | आरक्षित निधियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र में दर्शाया गया है. | | 7614757 | |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (₹ 2/– प्रत्येक) (जारी एवं समाप्त परिचालनों के लिए) बुनियादी (₹ में) न्यून (₹ में) | 2.29 | 3.32 | (1.47) |

नोट :
1) उपर्युक्त, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज को प्रस्तुत तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त रूप है. तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों **www.bseindia.com, www.nseindia.com** तथा बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** पर उपलब्ध है.
2) कुल व्यापक आय एवं अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी नहीं दी गई है, क्योंकि इंड एएस को अभी बैंक के लिए लागू नहीं किया गया है.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 07.08.2021

देबदत्त चाँद, कार्यपालक निदेशक | अजय के. खुराना, कार्यपालक निदेशक | विक्रमादित्य सिंह खीची, कार्यपालक निदेशक | शांति लाल जैन, कार्यपालक निदेशक | संजीव चड्ढा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी